न दजी भी "भास्करस्त्विह बभ्राम 'योनिरितिपरिणामादिति' च सूत्रनिर्देशात्, छान्दोग्यवाक्यकारेण ब्रह्मनन्दिना 'परिणामस्तु स्यात्' इत्यभिधानाच्च परिणामवादो वृद्धसंमत इति। तं प्रतिबोधयति इयच्चेति। ब्रह्मनन्दिनांहि 'नासतोऽनिष्पाद्यत्वात् प्रवृत्त्यानर्थक्यं तु सत्त्वाविशेषात्' इति सदसत्पक्षप्रतिक्षेपेण पूर्वपक्षमादर्श्य, 'न संव्यवहारमात्रत्वात्' इत्यनिर्वचनीयता सिद्धान्तता। अतः 'परिणामस्तु' इति मिथ्यापरिणामाभिप्रायम्, सूत्रं त्वेतदभिप्रायमेवेत्यर्थः।" बताते हुए उक्त बात को सिद्ध करते हैं। इन सभी बातों से साफ़ मालूम होता है कि ब्रह्मनन्दीजी विवर्तवाद के माननेवाले बहुत पुराने ग्रन्थकार थे।

२–श्रीद्रविडाचार्यजी

श्रीमच्छङ्कराचार्यजी के पहले जितने प्राचीन ग्रन्थकार हो गये हैं उन में श्री द्रविडाचार्यजी का भी नाम स्मरण किया जाता है। श्रीशंकराचार्यजी के छान्दोग्यभाष्य के व्याख्याकार श्री आनन्दगिरिजी भी 'अल्पग्रन्थमिदमारम्यते' की टीका करते हुए यों कहते हैं—'द्राविडं भाष्यं प्रणीतम्, तत्किमनेन इत्याशङ्क्याह—अल्पग्रन्थमिति'। इससे मालूम पड़ता है कि शांकरभाष्य के पहले ही श्री द्रविडाचार्यजी ने छान्दोग्य पर अपना भाष्य रचा था। पूर्वोक्त के अनुसार यह ग्रन्थ ब्रह्मनन्दीजी के छान्दोग्यवार्तिक पर द्रविडाचार्यजी की व्याख्या हो। श्री द्रविडाचार्यजी का कोई भी ग्रन्थ अब प्राप्य नहीं है। श्री शंकराचार्यजी बृहदारण्यक भाष्य में 'किरात पोषित राजकुमार' की कथा प्रस्तुत करते हैं।

कहा जाता है कि यह कथा स्वयं श्री द्रविडाचार्यजी की बतायी हुई है। अपरंच छान्दोग्य भाष्य के मधुविद्याप्रसंग में श्रीशंकराचार्यजी द्रविडाचार्यजी के कई वाक्यों को उद्धृत करते हैं। ब्रह्मसूत्र भाष्य के ज्योतिश्चरणाधिकरण में "य एतामेवं ब्रह्मोपनिषदं वेद" इत्यत्र हि वेदोपनिषदमिति व्याचक्षते' का उल्लेख किया गया है। ऐसा माना जाता है कि श्रीशंकराचार्यजी ने इन वाक्यों द्वारा द्रविडाचार्यजी की तरफ़ ही इशारा किया है। श्री वाचस्पति मिश्रजी भी समन्वयाधिकरण में यों निर्देश करते हैं— "यथाऽहुर्द्रविडाचार्याः—'संहरणाद्वा संवरणाद्वा स्वात्मीभावात् वायुस्संवर्गः' इति। संक्षेपशारीरक तथा उसकी व्याख्याओं में तो श्री द्रविडाचार्यजी का स्पष्टविवरण दिया गया ही है।

अद्वैत संप्रदाय के संन्यासी लोग व्यास पूजा के अवसर पर कई आचार्य पुरुषों की पूजा करते हैं जिनमें श्री द्रविडाचार्यजी भी एक हैं। श्री बालकृष्णानन्दजी ने, जो कि अभिनवद्रविडाचार्य के नाम से मशहूर हो गये हैं, ब्रह्मसूत्रशांकर भाष्य पर श्लोकवार्तिक की रचना की है। समन्वयाधिकरण के अन्त में "अपिचाहु :—

गौणमिथ्यात्मनोऽसत्त्वे पुत्रदेहादिबाधनात् ।
सद्ब्रह्मात्माहमित्येवं बोधे कार्यं कथं भवेत् ॥
अन्वेष्टव्यात्मविज्ञानात्प्राक्प्रमातृत्वमात्मनः ।
अन्विष्टः स्यात्प्रमातैव पाप्मदोषादिवर्जितः ॥
देहात्मप्रत्ययो यद्वत्प्रमाणत्वेन कल्पितः ।
लौकिकं तद्वदेवेदं प्रमाणं त्वाऽऽत्मनिश्चयात् ॥"

की व्याख्या करते हुए वे अपना यह विचार प्रकट करते हैं कि ये श्लोक स्वयं श्री द्रविडाचार्यजी के लिखे हुए हैं ।

३–श्रीगौडपादाचार्य जी

आजकल जितने अद्वैत ग्रन्थों का पता हमें मिलता है उन सब के रचयिता आचार्यपुरुष श्रीगौडपादाचार्यजी के बाद के हैं, ऐसा माना जाता है । श्री शंकराचार्यजी ने श्रीगौडपादाचार्यजी की कारिका पर भाष्य निर्माण किया है । उसकी व्याख्या में श्री आनन्दगिरिजी का कहना है कि गौडपादाचार्यजी बदरिकाश्रम में श्रीमन्नारायण की तपस्या में लगे हुए थे । श्रीबालकृष्णानन्द सरस्वती जी भी अपने वार्तिक में यों स्मरण करते हैं—"गौडचरणाः कुरुक्षेत्रगतहीरावतीनदीतीरभवगौडजातिश्रेष्ठाः देशविशेषभवजातिनाम्नैव प्रसिद्धाः द्वापरयुगमारभ्यैव समाधिनिष्ठत्वेन आधुनिकैर्जनैरपरिज्ञातविशेषाभिधानाः सामान्यनाम्नैव लोके विख्याताः" । द्वापरयुग से ही गौडपादाचार्यजी समाधिमग्न रहे थे । इस से यह प्रमणित होता है कि श्री गौडपादाचार्यजी श्री शुकजी के शिष्य ही थे जैसा कि गुरुपरंपरा में बताया गया है । ऐसा समझ पड़ता है कि श्रीगौडपादाचार्य जी अपनी जन्मभूमि को छोड़ कर कहीं सुदूर जा बसे थे । श्रीगौडपादाचार्यजी का मुख्यग्रन्थ माण्डूक्य कारिका है । उत्तरगीता भाष्य, सांख्यकारिकाभाष्य, नृसिंहतापिनीयोपनिषद्भाष्य, दुर्गासप्तशती भाष्य भी उनके ही रचे हुए हैं । ऐसा माना जाता है । इन ग्रन्थों के अलावा श्रीविद्यासंप्रदाय के अनुसार उन्होंने विद्यारत्न सूत्र तथा सुभगोदय नाम के दो और ग्रन्थों की रचना स्वतन्त्र रूप से की है ।

४–श्रीभर्तृहरि जी

श्रीशंकराचार्यजी के पहले जितने अद्वैत ग्रन्थकार हो गये हैं उन में से श्री भर्तृहरिजी भी एक थे । उन्होंने वाक्यपदीय नाम का एक ग्रन्थ का प्रणयन किया है जो पाणिनीय व्याकरण से निकटतम संबन्ध रखता है । उस ग्रन्थ में अद्वैतवाद के संबन्ध में बहुत-सी बातें दूसरे अद्वैतग्रन्थों की अपेक्षा स्पष्टरूप से बतायी गयी है । वे इस बात का विवरण देते हैं कि ब्रह्म सत्य है और सारा दृश्यमान प्रपंच उसी ब्रह्म का विवर्त है ।

"उपायाः शिक्षमाणानां बालनामुपलालनाः ।
असत्ये वर्त्मनि स्थित्वा ततः सत्यं समीहते ॥"

यह श्लोक उन्हीं भर्तृहरिजी का माना जाता है। भर्तृहरिशतकत्रय नामक ग्रन्थ भी इन्हीं का है।

५—श्रीसुन्दरपाण्ड्य जी

ये भी श्री शंकराचार्य जी के पुराने ग्रन्थकार थे। इन का कोई ग्रन्थ अब नहीं मिलता है। ब्रह्मसूत्रभाष्य के समन्वयाधिकरण के अन्त में "गौणमिथ्यात्मन" आदि श्लोकों के भाष्य पर श्री पद्मपादजीने अपनी पञ्चपादिका नामक व्याख्या में बताते हैं—"प्रसिद्धमेतद्ब्रह्मविदामिति पूर्वोक्तं न्यायं संक्षेपतः संगृह्णाति—गौणमिथ्यात्मन इति"। आत्मस्वरूपाचार्यजी भी, जिन्होंने पञ्चपादिका की 'प्रबोधपरिशोधिनी' नामक व्याख्या रची है, कहते हैं–'श्लोकत्रयं सुन्दरापाण्ड्यप्रणीतं प्रमाणयतीत्याह–प्रसिद्धमिति'।

माधवमन्त्री जी भी, जिन्होंने तात्पर्य दीपिका नाम की व्याख्या सूतसंहिता पर रची है, मुक्तिकाण्ड के चौथे अध्याय के बारहवें श्लोक की व्याख्या करते हुए पूर्वोक्त भाष्य के अन्तिम श्लोक का प्रस्ताव करके यों निर्दिश करते हैं—'तथा सुन्दरपाण्ड्यवार्तिकमपि'। अमलानन्दजी भामती व्याख्याकल्पतरु के वेधाद्यधिकरण में (३-३-२७)- यह उल्लेख करते हैं—

'आह चात्र निदर्शनमाचार्यसुन्दरपाण्ड्यः—
"निःश्रेण्यारोहणप्राप्यं प्राप्तिमात्रोपपादि च ।
एकमेव फलं प्राप्तुमुभावारोहतो यदा ।
एकसोपानवर्त्येको भूमिष्ठश्चापरस्तयोः ।
उभयोश्च जवस्तुल्यः प्रतिबन्धश्च नान्तरा ॥
विरोधिनोस्तदैको हि तत्फलं प्राप्नुयात्तयोः ।
प्रथमेन गृहीतेऽस्मिन् पश्चिमोऽवतरेन्मुधा ॥" इति ।

कुमारिलभट्टजी अपने तन्त्रवार्तिक के बलाबलाधिकरण में अमलानन्दजी के तीन श्लोकों के साथ

तेन यद्यपि सामर्थ्यं प्रत्येकं सिद्धमन्यदा ।
तथाऽपि युगपद्भावे जघन्यस्य निराक्रिया ॥
अन्यथैव हि शून्येषु दुर्बलैरपि चर्यते ।
अन्यथा बलवद्ग्रस्तैः सर्वशक्तिक्षये सति ॥

दो श्लोक भी जुड़ा दिये हैं। भट्टसोमेश्वरजी, जिन्हों ने न्यायसुधा नाम की व्याख्या

नानाभाष्यादृता सा सगुणफलगतिर्वैधविद्याविशेषैः
तत्तद्देशाप्तिरम्या सरिदिव सकला यत्र यात्यंशभूयम् ।
तस्मिन्नानन्दसिन्धावतिमहति फले भावविश्रान्तिमुद्रा
शास्त्रस्योद्घाटिता यैः प्रणमत हृदि तान्नित्यमाचार्यपादान् ।।

(श्रीमदप्पय्यदीक्षितानां न्यायरक्षामणौ)



"The rivers or the courses of devotion towards the diverse aspects of a Personal God attain their final calm only when they become one with the ocean of bliss (Ananda Sindhu) that unfolds itself at the moment of Ultimate Realization."

तन्त्रवार्तिक पर की है, इन श्लोकों के बारे में विवरण देते हुए बतलाते हैं 'वृद्धानां श्लोक-पञ्चकम्'। कहा जाता है कि यहां का वृद्ध शब्द श्री सुन्दरपाण्ड्यजी को सूचित करता है। ऐसा मालूम पड़ता है कि आचार्य सुन्दर पाण्ड्यजी का समय श्री कुमारिल भट्टजी के पहले का था, उन्होंने पूर्वमीमांसा तथा उत्तरमीमांसा के बारे में कई ग्रन्थ रचे होंगे और श्री कुमारिलभट्ट तथा श्री शंकराचार्यजी इन दोनों ने उन ग्रन्थों का अवलोकन भी किया होगा।

६—श्रीगोविन्दभगवत्पाद जी

श्री गोविन्द भगवत्पाद जी श्रीशंकराचार्य जी के गुरु थे। पूर्वाश्रम में इनका नाम चन्द्रशर्मा था। ऐसा माना जाता है कि इन्हीं की कृपा से पातञ्जलमहाभाष्य हमें वर्तमानरूप में प्राप्त हुआ है। श्रीरामभद्रदीक्षितजी के पतञ्जलिविजय नामक ग्रन्थ में इनके पूर्वाश्रम का विवरण बताया गया है। गुरु की खोज में निकलते हुए श्रीशंकराचार्य जी इन्हीं की सेवा में पहुँचे और इनके शिष्य भी बने। श्रीगोविन्दभगवत्पाद जी ने श्रीशंकराचार्य जी को उपदेश प्रदान किया तथा उन्हीं की आज्ञा से शंकराचार्यजी ने प्रस्थानत्रय भाष्य रचना भी की थी, ऐसा विश्वास किया जाता है। अद्वैतानुभूति तथा योगतारावली नाम के दो ग्रन्थ इनके रचे माने जाते हैं, परन्तु आजकल ये दोनों ग्रन्थ श्री शंकराचार्यजी की कृतियों में ही गिने जाते हैं। श्री शंकराचार्यजी अपने विवेक चूडामणि के प्रथम श्लोक में यों कहकर गुरुवन्दना करते हैं—'गोविन्दं परमानन्दं मद्गुरुम्'।

७—श्रीशंकराचार्य जी

इसमें सन्देह नहीं कि अद्वैताचार्यों में प्रथम स्थान इन्हीं को प्राप्त हुआ है। हम कह सकते हैं कि इन्होंने अद्वैत की नींव पक्की की थी। इन के पहले श्री गौडपाद आदि आचार्य पुरुषों ने ग्रन्थों का सृजन तो कर दिया था, फिर भी इन्होंने अपना पूरा जीवन अद्वैत के प्रचार तथा स्थिर करने में विताया था। इन्होंने स्पष्टरूप से इस बात का निरूपण कर दिया था कि अद्वैत ही उपनिषदों का चरम निष्कर्ष है। प्रस्थानत्रय भाष्य के अलावा इन्होंने कई अद्वैत प्रकरण ग्रन्थों, अद्वैतस्तोत्रों तथा विभिन्न स्तोत्र-ग्रन्थों की भी रचना की है। इन के प्रकरण ग्रन्थों का अध्ययन करने पर यह मालूम हो सकता है कि अद्वैतसाक्षात्कार ही मुख्य लक्ष्य है तथा उनके बताये हुए मार्गों का अनुसरण करने पर ही वह प्राप्त किया जा सकता है।

८—श्रीपद्मपादाचार्य

ये श्रीशंकराचार्य जी के प्रधान शिष्यों में से एक थे। ये विष्णु भगवान् के अवतार माने जाते हैं। कहते हैं कि ये दक्षिण के प्रदेश के थे और चिदम्बरम में इनका जन्म हुआ था पूर्वाश्रम में इनका नाम सनन्दन था। इन्होंने श्री शंकराचार्यजी से संन्यास ग्रहण किया था। श्री शंकराचार्यजी को इन पर अनन्य प्रेम था। इसी कारण से इनके सतीर्थ्यों के

मन में इनके प्रति ईर्ष्या की भावना भी बढ़ने लगी थी। श्री शंकराचार्यजी ने यह बात ताड़ ली तो उन्होंने दूसरे शिष्यों को यह दिखला देना चाहा कि श्री पद्मपादजी की गुरुभक्ति कितनी अधिक मात्रा में थी। एक बार श्री शंकराचार्यजी गंगाजी में स्नान कर रहे थे। उन्होंने श्री पद्मपाद को जो कि गंगाजी के दूसरे किनारे पर थे, अपने वस्त्र लाने का आदेश दिया। गुरु की आज्ञा सरआंखों पर मानते हुए वे गंगाजी की सतह पर से पैदल आने लगे। गंगाजी की गहराई का उन्हें बिल्कुल ख्याल न था। उनकी गुरुभक्ति की श्रेष्ठता देख कर गंगा जी भी उनके हर कदम पर एक एक कमल की सृष्टि करने लगीं ताकि उनके चरणों को कोई कष्ट न पहुँचे। कहा जाता है कि इसी घटना के आधार पर वे पद्मपाद के नाम से प्रसिद्ध हुए। पद्मपादजी ने अपने गुरु को "शिष्टाग्रणी" कहा है। ब्रह्मसूत्र भाष्य के प्रथम व्याख्याता श्री पद्मपादाचार्य ही थे। उस व्याख्या का नाम पंचपादिका है।

एक बार श्री पद्मपादाचार्यजी रामेश्वर की यात्रा कर रहे थे। श्रीरंगधाम पर उनकी ससुराल थी। पंचपादिका ग्रंथ को अपने ससुर के यहाँ रख छोड़ा और स्वयं रामेश्वर चले गये। उनकी अनुपस्थिति में उनके ससुर ने वह ग्रंथ पढ़ा तो मालूम हुआ कि उसकी बहुत-सी बातें पूर्व-मीमांसा शास्त्र के विरुद्ध हैं। चूँकि वे पूर्वमीमांसा के प्रकाण्ड पंडित और पक्षपाती थे, उनको ये बातें अखरने लगीं। उन्होंने इस ख्याल से कि उस पंचपादिका ग्रंथ का ही नाश कर दिया जाय, अपने घर में आग लगा दी ताकि घर की सब चीजों के साथ वह भी जल जाय। रामेश्वरम से लौटने पर जब श्री पद्मपादजी को यह विषय मालूम हुआ तो उनको अपार दुःख हुआ। वे विषण्ण अवस्था में अपने गुरु श्री शंकराचार्य के पास आये और सारा हाल बताया। श्री शंकराचार्यजी ने उनको दिलासा दिया कि इसके लिए दुःखी होने की कोई आवश्यकता नहीं, तुमने वह ग्रंथ मुझे एक बार पढ़ सुनवाया था लो मैं बताता हूँ और तुम लिखते चलो। इस तरह श्री शंकराचार्यजी अपनी स्मरण शक्ति के आधार पर जितनी व्याख्या दुहरायी थी वह केवल पाँच पादों तक ही की थी। अतएव इस ग्रंथ का नाम भी पंचपादिका पड़ गया। आजकल पाँचों पादों की भी वह व्याख्या नहीं मिलती, केवल चार सूत्रों की ही मिलती है। ब्रह्मसूत्र भाष्य के आरम्भ में श्री शंकराचार्यजी के अध्यासभाष्य पर श्री पद्मपादजी ने विशेषकर प्रकाश डाला है, यही पंचपादिका की कई टीकाएँ भी मिलती हैं। उनमें से 'पंचपादिका विवरण,' जिसकी रचना "श्रीप्रकाशात्मा" ने की है, मुख्य माना जाता है। कहते हैं कि पंचपादिका के अलावा श्री शंकराचार्यजी के प्रपंचसार की व्याख्या, आत्मबोध की व्याख्या तथा शिवपंचाक्षर की व्याख्या भी श्री पद्मपादाचार्य ने की है। शिवपंचाक्षर भाष्य में उन्होंने यह निरूपण किया है कि अद्वैत ही पंचाक्षर का अर्थ है। इनका और एक ग्रन्थ "स्वरूपानुभव" एक स्वतंत्र रचना है।

९–श्रीसुरेश्वराचार्य

श्री शंकराचार्यजी के प्रधान शिष्यों में इनकी भी गणना की जाती है। पूर्वाश्रम में इनका नाम मण्डन मिश्र अथवा विश्वरूप था। ये माहिष्मती के निवासी थे। ये स्वयं ब्रह्माजी के अवतार माने जाते हैं। ये कुमारिल भट्टजी के शिष्य थे, जिन्होंने तंत्रवार्तिक की रचना की थी। पूर्वमीमांसा का यह एक मुख्य ग्रंथ है। मण्डन मिश्रजी भी पूर्व-मीमांसा के गंभीर ज्ञाता और पक्षपाती थे। जब श्री शंकराचार्यजी ने शास्त्रार्थ में इनको परास्त कर दिया था उनसे संन्यास ग्रहण कर लिया था जैसा कि वादारम्भ में उन दोनों की शर्त रखी हुई थी। उस समय से ये सुरेश्वराचार्य कहलाने लगे, श्री शंकराचार्य जी ने उनको आज्ञा दी थी कि वे ब्रह्मसूत्र भाष्य पर एक व्याख्या रचें। परन्तु यह बात दूसरे शिष्यों को पसंद न लगी। कारण यह था कि सुरेश्वराचार्य पूर्वमीमांसा के पहुँचे हुए विद्वान् थे, अतः उनकी व्याख्या पक्षपात से रहित न होगी। तब श्री शंकराचार्यजी के आदेशानुसार श्री सुरेश्वराचार्यजी ने तैत्तिरीय भाष्य तथा बृहदारण्यक भाष्य पर वार्तिक रचे थे। इनके अलावा सुरेश्वराचार्यजी ने श्रीं शंकराचार्य के दक्षिणामूर्ति स्तोत्र पर मानसोल्लास नामक वार्तिक रचा था, और पंचीकरण पर भी एक वार्तिक लिखा था। नैष्कर्म्य-सिद्धि इनकी स्वतंत्र रचना है। महावाक्यार्थ पंचीकरण तथा मोक्षनिर्णय भी इन्हीं की कृतियां हैं। अपने पूर्वाश्रम में इन्होंने ब्रह्मसिद्धि, विभ्रमविवेक, भावनाविवेक आदि ग्रंथों का भी प्रणयन किया है॥

१०–श्रीतोटकाचार्य

ये भी श्री शंकराचार्य के प्रधान शिष्यों में से थे। पूर्वाश्रम में इनका नाम आनन्दगिरि था। ये मंदबुद्धिवाले थे जिससे विद्याभ्यास के अवसर पर अपने गुरु श्री शंकराचार्यजी की सूक्ष्म बातों को आसानी से समझ नहीं पाते थे। फिर भी उनकी अनुपस्थिति में श्री शंकराचार्य जी पाठ शुरू नहीं करते थे और उनके आने तक प्रतीक्षा करते थे। ऐसे ही एक अवसर पर उनके बाकी शिष्यों ने प्रार्थना की कि वे तो मंदबुद्धि के हैं, उनकी प्रतीक्षा करने की क्या जरूरत है। इससे शंकराचार्यजी के मन में थोड़ा दुःख तो हुआ और उन्होंने मन-ही मन यह आशीर्वाद दिया कि आनंदगिरि सभी विद्याओं में पारंगत हो जाय। इसी समय "विदिताखिल शास्त्र सुधा जलधे" आदि पाठ श्लोकों द्वारा आचार्यजी की स्तुति करते और नाचते हुए आनंदगिरिजी भी वहां आ पहुँचे। ये आठ श्लोक तोटक छंद में रचे हुए थे, इसीसे ये "तोटकाचार्य" के नाम से विख्यात हुए। इस स्तोत्र का नाम तोटकाष्टक है। इनका और एक ग्रंथ "श्रुतिसार समुद्धरण" भी पाया जाता है॥

११–श्रीहस्तामलकाचार्य

श्री शंकराचार्यजी के ये भी प्रधान शिष्य माने जाते हैं। ये प्रभाकर के आत्मज थे जिन्होंने पूर्वमीमांसा की "गुरुमत" शाखा चलायी थी। श्रीहस्तामलक जी जन्म से गूंगे थे। श्री शंकराशार्य जी अपनी विजय यात्रा के समय इनके निवास स्थान श्री बल्लीक्षेत्र में आ पहुँचे तो प्रभाकरजी अपने गूंगे पुत्र के साथ उनकी सेवा में आये और अनुग्रह की भिक्षा मांगी। श्री शंकराचार्यजी ने उनके पुत्र को देखते ही पहचान लिया कि वे निरे गूंगे नहीं, अपितु पहुँचा हुआ कोई योगी है। उन्होंने पूछा कि तू कौन है। बस, गूंगे में वाक् शक्ति आ गयी। तेरह श्लोकों से उस प्रश्न का उत्तर दिया। "मैं मनुष्य नहीं, देवता नहीं, ब्राह्मण नहीं, क्षत्रिय नहीं, अपितु निज ज्ञानबोध स्वरूप हूँ" यही उन श्लोकों का मतलब था। इन श्लोकों में अद्वैतवाद के समस्त तत्व समाविष्ट रहते हैं। स्वयं श्री शंकराचार्यजी ने इन श्लोकों का भाष्य रचा है। इसीसे उनका महत्व आंका जा सकता है। अद्वैत संप्रदाय के दुरूह सिद्धान्तों का करतलामलक की भांति उन्होंने स्पष्टीकरण किया था जिससे ये आगे चल कर हस्तामलकाचार्य कहलाने लगे॥

इस तरह जो अद्वैत संप्रदाय श्री शंकाचार्यजी तथा उनके शिष्यों द्वारा प्रतिष्ठित हुआ उसके विषय में हमारे देश के विभिन्न प्रदेशों के अनेक महात्माओं ने कई ग्रंथ रचे हैं। नृसिंहाश्रमी धर्मराजाध्वरी, अप्पय्य दीक्षित आदि दक्षिण के ग्रंथकार थे। भट्टोजि दीक्षित, रंगोजि भट्ट, रघुनाथ सूरी, कृष्ण मिश्र आदि महाराष्ट्र के थे और वाचस्पति मिश्र मधुसूदन सरस्वती, ब्रह्मानन्द आदि वंग देश के निवासी थे। इस प्रकार इस संप्रदाय ने देशभर के लब्धप्रतिष्ठ महापुरुषों को आकृष्ट किया था। संस्कृत के अलावा हिन्दी भाषा में भी अद्वैत के ग्रंथों की रचना हुई थी। प्रसिद्ध रामभक्त कवि श्री गोस्वामी तुलसीजी ने अपने रामचरितमानस में अद्वैत संप्रदाय के कई सूक्ष्म तत्वों का सुगमतापूर्वक प्रतिपादन किया है॥

अद्वैत-ग्रन्थ-कोष

प्राक्कथन

भारतीय संस्कृति का एक अक्षुण्ण प्रवाह हमें अनादि काल से अनवरत रूप से चला आता हुआ दिखाई देता है। संस्कृति के वे शाश्वत तत्व जो उसकी स्थायिता में और महत्ता में स्तम्भ का काम करते हैं—इस संस्कृति में कूट-कूट कर भरें हुए हैं। जीवन के प्रत्येक अंश पर इस संस्कृति की अमिट छाप है और इसी संस्कृति में वे तत्त्व निहित हैं—जिनके कारण यह विश्वसंस्कृति वन सकती है। आज सारे संसार में भारतीय संस्कृति की महत्ता का जो डिण्डम घोष हम सुन रहे हैं, वह इसके विकास का एक मूर्त प्रमाण है। यही कारण है कि आज के बड़े-बड़े विचारक इस संस्कृति के सामने अपना शिर झुकाते हैं। महान् वैभवों के चाकचक्य एवं ऐश्वर्यों की पराकाष्ठा से संपन्न, अपने को परमात्मा की तरह सर्वशक्तिमान् सिद्ध करनेवाला, विज्ञान का परमभक्त पाश्चात्य मानव समुदाय आज इन सम्पूर्ण शक्तियों के पीछे भी निराश हो कर जिस दीपक का संवल देखता है, वह दीपक भारतीय संस्कृति ही है। शांति, सत्य, त्याग, ब्रह्मचर्य, शम, अपरिग्रह, जीवन की नश्वरता, विश्व-बन्धुत्व की भावना, वैभव की असारता ये ऐसे कुछ मूल तत्त्व हैं जिन्होंने भारतीय संस्कृति को मानव जीवन में मूर्त रूप में अवतरित किया है। आज जिस विश्वबन्धुत्व की कल्पना की जाती है, इस संस्कृति के उपासकों ने अनादि काल से (उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्वकम्) की भावना का प्रचार कर साधारण से साधारण जनता तक इस भावना को पहुँचा दिया था। इसी संस्कृति का सब से बड़ा अवलम्ब है—जिसके कारण भारतवर्ष अनादि काल से गौरवान्वित रहा है और आज भी उसके द्वारा प्रदर्शित पथ संसार के लिए अनुकरणीय हो रहे हैं।

इस संस्कृति के पीछे सब से बड़ा अवलम्ब ब्रह्मविद्या का है। ब्रह्मविद्या अद्वैत के नाम से एक चरम शास्त्र सिद्धान्त का प्रतिपादन करती है। अनादि काल से ले कर भगवान् शंकराचार्य तक भिन्न-भिन्न विचारकों ने ज्ञान के क्षेत्र में जो मन्थन किया, उसी से समुद्भूत नवनीत अद्वैत है। भारतीय संस्कृति पर इस अद्वैत की अमिट छाप है। यदि हम संस्कृति की पृष्ठभूमि में से अद्वैत को निकाल दें, तो मेरी यह दृढ़ धारणा है कि भारतीय संस्कृति सर्वथा छिन्न-भिन्न हो जायेगी। अद्वैत का हिन्दी में सरल से सरल अर्थ दो का नहीं होना है। इस आशय को वेदों से ले कर आधुनिक काल के लेखकों तक ने भिन्न-भिन्न शब्दों में आदरपूर्ण स्थान दिया है। ब्रह्मविद्या के उपासकों को इस देश ने महान् प्रतिष्ठा दी है। जीवन की असारता और संसार के प्रत्येक पदार्थ से निर्लिप्त होने

की वृत्ति का यदि कहीं से उदय हुआ है, तो इसी मत से हुआ है। वेद (एकमेवा द्वितीयं ब्रह्म) ऐसे-ऐसे अनेक वाक्यों द्वारा इस अद्वैत की ओर न केवल संकेत देते हैं, अपितु उसका विवेचन भी करते हैं। आस्तिक और नास्तिक दर्शनों की भिन्न-भिन्न धाराओं का सबसे बड़ा आधार अद्वैत रहा है। कहीं उसे खण्डन के लिए अपनाया गया है, तो कहीं मण्डन के लिए। समालोचनात्मक दृष्टि से विचार करने पर यह भी स्पष्ठ अवगत होता है कि ज्ञान का परम प्रतिपाद्य विषय अद्वैत ही रहा है। इसके बीच में आस्तिक और नास्तिक दर्शनों की जो धाराएँ हैं—वे सब ज्ञान के इस चरम विकास की सीढ़ियां हैं, उन्हें, हम एक प्रकार के छोटे बड़े स्टेशन भी कह सकते हैं जो हमारे ज्ञान की गाड़ी को इस लक्ष्य स्थान पर पहुँचाने में सहायक होते हैं। यह हो सकता है कि इसके चरम विकास की अवस्था तक पहुँचने में समय लगा हो, भिन्न-भिन्न बाधाएँ आई हों, लेकिन प्रारम्भ से ले कर अब तक के प्रत्येक विचारक ने अद्वैत के महत्व को समान रूप से शिरोधार्य किया है। यही कारण है कि इसे सब सिद्धान्तों का सार भारतीय दर्शनों का नवनीत एवं इसके महान् प्रेरक भगवान् शंकराचार्य को सारा संसार आचार्यशिरोमणि और भगवान् शंकर के अवतार के रूप में आदर प्रदान करता है।

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है कि अद्वैत भिन्न-भिन्न ग्रन्थों का महत्वपूर्ण विषय रहा है, उसी का कुछ स्वरूप हम नीचे के उदाहरणों से प्रकट करेंगे। वेद के अंतिम भाग भिन्न भिन्न उपनिषद् शास्त्र का तो सार ही अद्वैत है—जिसके कारण शास्त्रों के समुदाय द्वारा प्रकटित ज्ञान राशि को वेदान्त कहा जाता है। (सर्वं खल्विदं ब्रह्म) ऐसे-एसे हज़ारों वाक्यों द्वारा इन उपनिषदों ने इस अद्वैत को न केवल सिद्ध किया है, अपितु प्रत्येक मानव को इसे जीवन में उतारने की प्रवल प्रेरणा दी है। श्रीमद्भगवद्गीता—जिसे उपनिषदों का सार कहा जा सकता है और जिसमें कर्मयोग का तार्किक बल के साथ प्रतिपादन किया गया है—उसका आधार यही अद्वैत है। जब अर्जुन (स्वजनं हि कथं हत्वा सुखिनः स्याम माधव) यह कह कर युद्ध के लिए पराङ्मुख होता है और :-

"कथं भीष्ममहं संख्ये द्रोणं च मधुसूदन
इषुभिः प्रतियोत्स्यामि पूजार्हावरिसूदन"

इन शब्दों द्वारा पूजा के योग्य भी और द्रोण से युद्ध करने में अपने आपको असमर्थ घोषित कर देता है, तब इसी अद्वैत के अवलम्ब से भगवान् श्री कृष्ण उसे कर्मक्षेत्र में उतारते हैं। वे कहते हैं—

"अविनाशि तु तद्विद्धि येन सर्वमिदं ततम्ः"
"नित्यः सर्वगतः स्थाणुरचलोऽयं सनातनः"
"नायं हन्ति न हन्यते"

इन सब वाक्यों द्वारा श्री कृष्ण अर्जुन तक यह तत्त्व ज्ञान पहुँचाते हैं कि न यह किसी को मारता है और न किसी के द्वारा मारा जा सकता है। यह नित्य और शाश्वत है। यदि आत्मा की इस नित्यता का और शाश्वतता का प्रदिपादक अद्वैत सिद्धान्त न हो तो श्रीकृष्ण का उपदेश निराधार हो जाता है। गीता के कर्मयोग का भी यही एक महान् अवलम्ब है। केवल गीता ही नहीं, स्मृति, पुराण, काव्य, दर्शन आदि शास्त्रों की कोई भी प्रक्रिया ऐसी नहीं बची है, जिसमें इस सिद्धान्त को महत्वपूर्ण स्थान न दिया गया हो। आत्मज्ञान इस अद्वैत की प्राप्ति का सब से बड़ा साधन है। उस ज्ञान के अनन्तर मनुष्य मृत्यु की सीमा को पार कर जाता है और उसके बाद उसके लिए कुछ भी ज्ञातव्य शेष नहीं रह जाता। वास्तव में मोक्ष प्राप्ति का इससे उत्कृष्ट दूसरा कोई साधन भी नहीं है।

"तमेव विदित्वातिमृत्युमेति
नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय"
"यज्ज्ञात्वा न निवर्तन्ते"

आदि आदि वाक्य उसके ज्ञान का महत्व प्रतिपादन करते हैं। भगवान् मनु ने अद्वैत के इस महत्व को सादर स्वीकार करते हुए अपनी मनुस्मृति में लिखा है—

"सर्वभूतेषु चात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि।
समं पश्यन्नात्मयाजी स्वाराज्यमधिगच्छति।
* * *
सर्वमात्मनि सं पश्येत् सच्चासच्च समाहितः।
सर्वं ह्यात्मनि संपश्यन्नाधर्मे कुरुते मनः॥
आत्मैव देवताः सर्वाः सर्वमात्मन्यवस्थितम्
प्रशासितारं सर्वेषामणीयांसमणोरपि!
एवं यः सर्वभूतेषु पश्यत्यात्मा नमात्मना।
सः सर्वसमतामेत्य ब्रह्माभ्येति परं पदम्।
एष सर्वाणि भूतानि पंचभिर्व्याप्य मूर्तिभिः॥
जन्म वृद्धिक्षयैर्नित्यं संसारयति चक्रवत्॥

अपनी स्मृति के प्रारंभ में मनु ने अद्वैत सिद्धान्त का यह सार ऊपर लिखे हुए शब्दों में उपस्थित किया है। वह कहता है कि आत्मज्ञान से बढ़ कर कोई दूसरी विद्या नहीं है, क्योंकि मानव उसी के द्वारा अमृत तत्व की प्राप्ति कर सकता है। वह आत्मा में ही सब से अस्तित्व का प्रतिपादन करते हुए अद्वैत को सादर शिरोधार्य करता है और आत्मा ही को पंचभूतों के द्वारा जन्मवृद्धि और क्षय के माध्यम से संसार चक्र का संचालक सिद्ध करता है। मनुस्मृति यद्यपि व्यवहार-शास्त्र है; उसे हम एक आचार शास्त्र भी कह सकते हैं लेकिन उसमें भी अद्वैत को यह महत्व प्रतिपादन इस बात का

साक्षी है कि कोई भी ज्ञान या शास्त्र इसके महत्व को स्वीकार किए विना अपनी पूर्णता सिद्ध नहीं कर सका।

याज्ञवल्क्य भी आत्मज्ञान एवं अद्वैत के प्रतिपादन में पीछे नहीं रहता। वह आत्मा के अस्तित्व एवं अद्वितीयत्व को युक्तिपूर्वक सिद्ध करता है। वह कहता है—इस लोक में उसका ज्ञान प्राप्त करना चाहिए क्योंकि उसके ज्ञान के बाद संसार में पुनरावृत्ति नहीं होती।

"स ज्ञेयस्तं विदित्वेह पुनराजायते न तु"

उसकी अद्वैतता का प्रतिपादन करते हुए वह कहता है जैसे एक ही आकाश घट आदि में भिन्न-भिन्न स्वरूपों में रहता है एवं एक ही सूर्य अनेक जल की घटों में अनेक रूपों में देखने को मिलता है उसी प्रकार यह आत्मा भी अनेक रूपों में दिखाई देता है।

आकाशमेकं हि यथा घटादिषु पृथग्भवेत्।
तथात्मैको ह्यनेकश्च जलाधारेष्विवांशुमान्॥

दक्ष ने भी अपनी स्मृति में उसी को सब से बड़ा योग का साधक सिद्ध किया है—जो आत्मा के अतिरिक्त दूसरे को नहीं देखता जो स्वभाव से आत्मा ही में रत रहता है और आत्मा ही में तृप्ति प्राप्त करता है।

यश्चात्मनिरतो नित्य मात्मक्रीडस्तथैव च।
आत्मनिष्ठश्च सततमात्मन्येव स्वभावतः॥
रतश्चैव स्वयं तुष्टः सन्तुष्टो नान्य मानसः।
आत्मन्येव सुतृप्तोऽसौ योगस्तस्य प्रसिध्यति॥

इसी प्रकार आपस्तम्ब एवं बौधायन ने भी अपने धर्मसूत्रों में आत्मा के इस शाश्वत विमुक्तत्व को प्रतिपादित किया है। आपस्तम्ब कहता है—

"आत्मानं चैव सर्वत्र यः पश्येत् सर्वं ब्रह्मनाक पृष्ठे विराजति।"

बौधायन ने एक ही वाक्य में आत्मा के वैभव का प्रदर्शन किया है। वह कहता है—

"ओमिति ब्रह्म ब्रह्मवा एष ज्योतिः य एष
ज्योतिः य एष तपति एष वेदो य एष तपति
वेद्यमेवैतत्। यदेव तपति एवमेवैष आत्मनि तर्पयति
आत्मने नमस्करोति आत्मा ब्रह्म, आत्मज्योतिः।"

धर्मसूत्र और स्मृतियों के अतिरिक्त अर्थशास्त्र तक ने इस अद्वैत को स्वीकार किया है। वह कहता है कि यहां ब्रह्म ही एक अद्वितीय है इसके अतिरिक्त दूसरी कोई चीज नहीं है। जो भी हम संसार को देखते हैं, वह मायाजन्य है जिसका सब से बड़ा कारण अज्ञान है।

ब्रह्मैकमद्वितीयं स्यात् नेह नानास्ति किंचन।
मायिकं सर्वमज्ञानादिति वेदान्तिनां मतम्।

इस प्रकार हमारी नीति भी इस अद्वैत से प्रभावित हुए बिना नहीं रही।

व्याकरण

व्याकरण यद्यपि शब्द शास्त्र है, फिर भी वह मुख्य रूप से अद्वैत की पुष्टि करता है। इसे भी वेदांगों में एक महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। वास्तव में जितने भी शास्त्र हैं वे सब चरम प्राप्तव्य के रूप में इस अद्वैत की उपासना करते हैं। व्याकरण ने इस दिशा में महत्वपूर्ण काम किया है। उसका "अइउण्" यह पहला सूत्र ही इसका प्रत्यक्ष साक्षी है। नन्दिकेश्वर ने निम्न रूप में इस आशय को स्पष्ट किया है :—

अकारो ब्रह्मरूपस्स्यान्निर्गुणस्सर्ववस्तुषु।
चित्कलाभिः समाश्रित्य जगद्रूप उणीश्वरः॥

महाभाष्यकार पतंजलि ने "कर्मवत् कर्मणा तुल्यक्रियः" इस सूत्र की व्याख्या करते हुए कहा है—कौन आत्मा को मारता है या कौन आत्मा के द्वारा मारा जाता है। दो आत्मायें हैं—अंतरात्मा और शरीर-आत्मा। अंतरात्मा वह कर्म करती है जिसके द्वारा शरीर आत्मा को सुख और दुःख का अनुभव होता है और शरीर आत्मा वह कर्म करती है जिसके द्वारा अंतरात्मा को सुख और दुःख का अनुभव होता है। इसके द्वारा अद्वैत का यह शाश्वत सिद्धान्त प्रत्यक्ष रूप से घोषित कर दिया गया है कि आत्मा एक ही है और वही उद्देश्य और विधेय बन जाते हैं। उसकी नित्यता का भी स्पष्ट रूप से इसके द्वारा प्रतिपादन कर दिया गया है।

हन्त्यात्मना। आत्मना हन्यत आत्मति।
कः पुनरात्मानं हन्ति को वात्मना हन्यते।
द्वावात्मानावन्तरात्मा शरीरात्मा च।
अन्तरात्मा तत्कर्म करोति, येन शरीरात्मा सुखदुःखे अनुभवति।
शरीरात्मा तत्कर्म करोति, येनान्तरात्मा सुखदुःखे अनुभवति।

भर्तृहरि ने तो इस तथ्य पर और भी विस्तार से प्रकाश डाला है। वह कहता है—ब्रह्म अनादि और अनन्त है, संसार उसी की विकृति है। वही एक सत्य है उसके अतिरिक्त संपूर्ण असत्य है—

अनादिनिधनं ब्रह्म शब्दतत्त्वं यदक्षरं,
विवर्ततेऽर्थभावेन प्रक्रिया जगतो यतः।
सत्यं यतत्र सा जातिः असत्या व्यक्तयो मताः।

न्याय और वैशिषिक दर्शन ने यद्यपि संसार को सत्य माना है, फिर भी मोक्ष आदि के सिद्धान्त में न्याय शास्त्र के प्रवर्तक गौतम ने अद्वैत के सिद्धान्त को स्वीकार किया है। अपवर्ग की चिंता के प्रसंग में गौतम ने कहा है कि मिथ्या ज्ञान के नाश होने से अपवर्ग की प्राप्ति हो सकती है—

दुःखजन्मप्रवृत्तिदोषमिथ्याज्ञानानामुत्तरोत्तरापाये तदन्तरापायादपवर्गः।

यह मिथ्या ज्ञान ही वास्तव में संसार की वास्तविकता है। इस मिथ्या ज्ञान के मिथ्यात्व की अनुभूति कराना ही अद्वैत की साधना है।

उदयनाचार्य ने, जो कि स्वयं इन शास्त्रों का बहुत बड़ा विद्वान् था, सब कुछ प्रतिपादन करते हुए भी अद्वैत के इस रहस्य को आदर के साथ शिरोधार्य किया है कि अविद्या की निवृत्ति पर ही मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। इस विषय में हमारे पास कहने के लिए कुछ भी नहीं है। यह अद्वैत के महत्त्व का एक गणनीय प्रमाण माना जा सकता है—

'अविद्यायां निवृत्तायां केवलमात्मैवापवर्गे वर्तते' इति मते न नो विवादः।

पूर्वमीमांसा

यद्यपि पूर्व मीमांसा दर्शन का उद्देश्य वेद की व्याख्या करना है और इसी उद्देश्य का उसने शुरू से अंत तक पालन किया है, लेकिन जहां कहीं भी आत्मा के विषय में थोड़ा बहुत प्रकरण आया है, उसने अद्वैत का आश्रय लिया है। मीमांसा का सर्वश्रेष्ठ व्याख्याकार कुमारिल भट्ट आत्मा को विभु, नित्य और सर्वव्यापी मानता है—

ज्ञानशक्तिस्वभावोऽतो नित्यः सर्वगतः पुमान्
(श्लोकवार्तिक)

इस विषय में वेदान्त में उसकी जो अनन्य आस्था है उसे स्वीकार करने में वह नहीं हिचकिचाता और स्पष्ट रूप से घोषणा करता है कि यदि इस विषय का दृढ़ स्थायी ज्ञान करना है तो उसके लिए वेदान्त का सेवन करना चाहिए—

इत्याह नास्तिक्यनिराकरिष्णुरात्मास्तितां भाष्यकृदत्र युक्त्या।
दृढत्वमेतद्विषयप्रबोधः, प्रयाति वेदान्तनिषेवणेन॥ (श्लो० वा०)

योग और सांख्य दर्शन भी प्रत्यक्ष संसार को माया-रूप मान कर अद्वैत के सिद्धान्त को सादर शिरोधार्य करते हैं। योग दर्शन के प्रमुख व्याख्याकार वार्षगण्य का निम्नलिखित पद्य इस तथ्य का साक्षी है—

गुणानां परमं रूपं न दृष्टिपदमृच्छति।
यत्तु दृष्टिपथं प्राप्तं, तन्मायेव सुतुच्छकम्॥

इतिहास

इतिहास ग्रंथों में भी अद्वैत के मूल तथ्यों की उपेक्षा नहीं की गई है। वाल्मीकि रामायण में स्थान-स्थान पर ब्रह्म की सत्यता, निर्गुणता, अनादिता और अनन्तता और विभुता को शिरोधार्य किया गया है। युद्धकांड में रामचन्द्र को ब्रह्म स्वरूप बताते हुए कवि लिखता है कि तुम्हीं सत्य हो, अनादि और अनंत हो, तुम्हारे बिना संसार में कुछ नहीं है।

"अक्षरं ब्रह्म सत्यं च मध्ये चान्ते च राघवः।"
. . . . न तदस्ति त्वया विना।

सुंदरकांड में सीता कहती है कि वे महात्मा और मुनि धन्य हैं—जिनके प्रिय और अप्रिय कुछ भी नहीं है—जो प्रिय और अप्रिय के सुख दुःख से सर्वथा मुक्त हैं। यहाँ वह जीवन मुक्त के व्यवहार की ओर संकेत करती है। श्रुति में भी यह आशय मूल रूप में प्राप्त होता है। विचारों के रहते हुए प्रिय और अप्रिय का नाश नहीं हो सकता। वास्तव में प्रिय और अप्रिय का नाश अद्वैत के अनुभव से हो सकता है और यह प्रतिपादन भी अद्वैत के सिद्धान्त की महत्ता का ही साक्षी है।

धन्याः खलु महात्मानो मुनयस्त्यक्तकिल्विषाः।
जितात्मानो महाभागा येषां न स्तः प्रियाप्रिये॥
प्रियान्ते संभवेद्दुःखमाप्रियादधिकं भयम्।
ताभ्यां हि ये वियुज्यन्ते नमस्तेषां महात्मनाम्॥

अध्यात्म रामायण में इन दार्शनिक तत्वों को और भी अधिक प्रश्रय दिया गया है। सीता हनुमान से राम के वास्तविक स्वरूप का परिचय देते हुए कहती है कि राम परब्रह्म है, चिदानंद है, एक है, सब उपाधियों से मुक्त है, निर्मल, शांत, निर्विकार, सर्वव्यापी और स्वप्रकाश है। मैं मूल प्रकृति हूँ—जो उसकी संनिधि से सब सृष्टि करती हूँ—

समं विद्धि परं ब्रह्म सच्चिदानन्दमद्वयम्।
सर्वोपाधिविनिर्मुक्तं सत्तामात्रमगोचरम्।
आनन्दनिर्मलं शान्तं निर्विकारं निरंजनम्।
सर्वव्यापिनमात्मानं स्वप्रकाशमकल्मषम्।
मां विद्धि मूलप्रकृतिं सर्गस्थित्यन्तकारिणीम्।
तस्य सन्निधिमात्रेण सृजामीदमतन्द्रिता।

इसी प्रकार उत्तरकांड में आत्मा की नित्यता का प्रतिपादन करते हुए कहा गया है कि आत्मा न मरता है, न उत्पन्न होता है, न क्षीण होता है और न बढ़ता है, वह

सर्वत्र व्याप्त है, वह ज्ञानमय है, संसार में जो भी दुःख की प्रतीति है, वह अज्ञान के कारण है, ज्ञान होने पर वह विलीन हो सकती है—

कदाचिदात्मा न मृतो न जायते न क्षीयते नापि च वर्धतेऽमरः।
निरस्तसर्वातिशयस्सुखात्मकः स्वयंप्रथस्सर्वगतोऽयमक्षः॥

एवंविधे ज्ञानमये सुखात्मके कथं भवो दुःखमयः प्रतीयते।
अज्ञानतोऽध्यासवशात् प्रतीयते, ज्ञाने विलीयेत विरोधतः क्षणात्॥

इन दो पद्यों में वेदान्त का सारा सार एक प्रकार से आ गया है। आनंद रामायण में भी ऐसे सत्य प्रचुर मात्रा में लिखे गये हैं। वह कहता है कि संसार नश्वर है और जो भी कुछ दिखता है, वह माया के कारण दिखता है—जिस प्रकार सीप में चाँदी का, काँच लगी भूमि में पानी का और रस्सी में साँप का बोध होता है—

नश्वरं भासते चैतत्, विश्वं मायोद्भवं नृप।
यथा शुक्तौ रौप्यभासः काचभूम्यां जलस्य च॥
यथा रज्जौ सर्पत्रासः मृगतोये जलस्पृहा।
तद्वदात्मनि त्रासोऽयं कल्प्यते नश्वरो बुधैः॥

राम को ब्रह्म के रूप में प्रतिपादित करते हुए विलास कांड में कहा गया है कि वह निरामय है, निराभास है, निर्विकार और निरंजन है, नित्यानन्द और निर्विकार है। यह ब्रह्म के रूप हैं।

"निरामयं निराभासं निरवद्यं निरंजनम्।
नित्यानन्दं निराकारमद्वैतं तमसः परम्॥

महाभारत की श्रीमद्भगवद्गीता तो अद्वैत का एक मन्थन है। उसके अतिरिक्त भी महाभारत में अनेक स्थान पर अद्वैत के सिद्धान्तों की पुष्टि की गई है।

शिवरहस्य जो कि स्वयं एक शास्त्रीय ग्रन्थ है अपने ज्ञान और उपासना कांडों द्वारा परमात्मा की एकता की पुष्टि करता है। वह कहता है कि ज्ञान ही आत्मा है व एक परमात्मा ही संसार में सब कुछ है। उसके अतिरिक्त यहां कुछ भी नहीं है। उसकी इस महत्ता का ही ज्ञान कर मनुष्य संसार के पार हो जाता है। यह माया है जिसके कारण मनुष्य संसार को अनेक रूपों में देखता है।

ज्ञानमात्मा त्वहं ब्रह्म ज्ञानं शान्तिरनुत्तमा।
स एकः परमात्मा हि नेह नानास्ति किंचन।
यस्यैकत्वं हि विज्ञाय, शोकं तरति मानवः॥

पुराण

पुराणों में १८ महापुराण और १८ उपपुराण है। विष्णु पुराण में विस्तार से इस अद्वैतता पर प्रकाश डाला गया है। वह कहता है कि परमात्मा एक है, व्यापक है, निर्गुण और प्रकृति से परे है, उसका न जन्म होता है न वृद्धि होती है। संसार में भेदजनक जो ज्ञान है उसके नष्ट होते ही आत्मा और ब्रह्म का जो भेद दिखाता है, जो कि वास्तव में है नहीं, अपने आप ध्वस्त हो जाता है। इन दो पद्यों से हम अपने आशय की पुष्टि कर सकते हैं—

एको व्यापी समः शुद्धः निर्गुणः प्रकृतेः परः।
जन्मवृद्ध्यादिरहित आत्मा सर्वगतोऽव्ययः॥
विभेदजनके ज्ञाने नाशमात्यन्तिकं गते।
आत्मनो ब्रह्मणो भेदमसन्तं कः करिष्यति॥

गरुड़ पुराण में भी निम्नलिखित पद्यों द्वारा आशय के रूप में एक ही परमात्मा की सत्ता स्वीकार की गई। उसमें कहा गया है कि जिस प्रकार अंधकार के दोष से रस्सी का ज्ञान नहीं होता है, उसी प्रकार भ्रांति के दोष से आत्मा के दर्शन नहीं होते। उसके दर्शन के श्रवण, मनन और ध्यान ये साधन है। इनके द्वारा अद्वैत का ज्ञान होते ही मुक्ति हो जाती है।

यथान्धकारदोषेण रज्जुस्सम्यङ्न दृश्यते।
तथा संमोहदोषेण चात्मा सम्यङ्न दृश्यते॥
श्रवणं मननं ध्यानं ज्ञानानां चैव साधनम्।
एकेन जन्मना ज्ञानान्मुक्तिर्न द्वैतभाविनाम्॥

इसी आशय को नारदीय पुराण में माया का विवेचन करते हुए कहा गया है कि माया न सत् है न असत् है और न दोनों है। उसका विवेचन नहीं किया जा सकता है। वही भेद बुद्धि को पैदा करनेवाली है। उसके नाश होने पर निर्मल ब्रह्म का ज्ञान हो सकता है।

नासद्रूपा न सद्रूपा माया नैवोभयात्मिका।
अनिर्वाच्या ततो ज्ञेया भेदबुद्धिप्रदायिनी॥
मायैवाज्ञानभेदेन बुध्यते मुनिसत्तम।
अज्ञानं नाशयेद्योगी योगेन मुनिसत्तम।
तन्नाशे निर्मलं ब्रह्म प्रकाशयति पंडितः॥

कूर्म पुराण में भी परमात्मा के अतिरिक्त संसार के अस्तित्व को भ्रामक बताया गया है। पद्म पुराण में कहा गया है कि वह इंद्रियों से अतीत है, स्वप्रकाश है, मन से भी दूर बुद्धि भी वहां तक नहीं पहुँच सकती—

अतीन्द्रियमिन्द्रियेभ्यस्तत्स्वप्रकाशकमात्मदृक् ।
अविषयं मनोदूरं बुद्धेरपि न गोचरम् ॥

शिव पुराण में स्पष्ट घोषणा की गई है कि संसार का जो रूप हैं वह व्यावहारिक कल्पना है, वास्तविक नहीं है। वस्तुतः अद्वैत ब्रह्म ही सब कुछ है इसके अतिरिक्त कुछ नहीं है। यह माया का वैभव है कि सब कुछ नहीं होते हुए भी यहां सब कुछ प्रतिभासित हो रहा है। वास्तव में अद्वैत ही सत्य है, उसके अतिरिक्त असत्य है। यह संसार अज्ञान मूलक है और आत्मा के तत्त्व के विज्ञान से इसका नाश हो जाता है—

व्यवहारदृशा मायाकल्पना नैव वस्तुतः ।
वस्तुतः परमाद्वैतं ब्रह्मैवास्ति न चेतरत् ॥
मायारूपतया साक्षाद् ब्रह्मैव प्रतिभासते ।
जगज्जीवादिरूपेणाप्यहो देवस्य वैभवम् ॥
सत्यमेव सदाद्वैतमसत्यं द्वैतमास्तिकाः ।

शिव गीता में कहा गया है कि मनुष्य कर्म से, अनुष्ठानों से, दान से या तप से मोक्ष प्राप्त नहीं कर सकता, अपितु केवल ज्ञान से मोक्ष प्राप्त कर सकता है। यह ज्ञान अद्वैत द्वारा समर्थित ज्ञान है।

मार्कण्डेय पुराण में कहा गया है कि जैसे पानी पानी में मिलते ही उसमें समा जाता है, उसी तरह यह आत्मा भी परमात्मा में समा जाता है।

न कर्मणामनुष्ठानैर्न दानैस्तपसापि वा ।
कैवल्यं लभते मर्त्यः किन्तु ज्ञानेन केवलम् ॥ (शिवगीता)

यथा जलं जलेनैक्यं निक्षिप्तमुपगच्छति ।
तथात्मा साम्यमभ्येति योगिनः परमात्मनि ॥

यही आशय ईश्वर गीता में भी स्पष्ट किया गया है।

वायु पुराण में युक्तिपूर्वक यह सिद्ध किया गया है कि संसार में सब कुछ ब्रह्म ही है। यह उसके नहीं जानने के कारण ही है कि संसार दिखाई दे रहा है। उसके ज्ञान के अनन्तर संसार में अस्तित्व नहीं रह जाता—

"सर्वं ब्रह्मैव नानात्वं नास्तीति निगमा जगुः ।
यदज्ञानाज्जगद्भाति, यस्मिञ्ज्ञाते जगन्न हि ॥"

देवी भागवत में भी इसी ज्ञान और अज्ञान को विद्या और अविद्या के नाम से संबोधित कर ऊपर लिखे हुए आशय की पुष्टि की गई है।

अविद्येयं महाभाग विद्या चैतन्निवर्तनम् ।
विद्याविद्ये च विज्ञेये सर्वदैव विचक्षणैः ॥

अज्ञानमेव मूलं स्यात्ततः कामस्ततः क्रिया।
तस्मादज्ञाननाशाय यतेत नियतं नरः॥

भागवत तो अद्वैत का एक भांडागार है। उसमें स्थान-स्थान पर अद्वैतता और उसकी विभुता पर मर्मस्पर्शी प्रसंग हैं। ध्रुव इस अद्वैतता का प्रतिपादन करते हुए कहता है कि भगवन् तुम एक ही हो जो सारे संसार में अनेक रूपों में माया के द्वारा प्रतिभासित हो रहे हो—

एकस्त्वमेव भगवन्निदमात्मशक्त्या मायाख्ययोरुगुणया महदाद्यशेषम्।
सृष्ट्वानुविश्य पुरुषस्तदसद्गुणेषु नानेव दारुषु विभावसुवद्विभासि॥

प्रह्लाद भी इस आशय को पुष्ट करते हुए भगवान् की एकता और संसार को उसकी माया की देन सिद्ध करता हुआ निम्न शब्दों में उसकी प्रार्थना करता है—

एकस्त्वमेव जगदेतममुष्य यत्त्वमाद्यन्तयोः पृथगवस्यसि मध्यतश्च।
सृष्ट्वा गुणव्यतिकरं निजमाययेदं नानेव तैरवसितस्तदनुप्रविष्टः॥

१४ वें अध्याय में तो अद्वैत के तथ्यों का एक प्रकार से भंडार भरा हुआ है, जिनमें से कुछ मनोहर पद्य यहां प्रस्तुत किए जा रहे हैं—

तस्मादिदं जगदशेषमसत्स्वरूपं स्वप्नाभमस्तधिषणं पुरुदुःखदुःखम्।
त्वय्येव नित्यसुखबोधतनावनन्ते, मायात उद्यदपि यत् सदिवावभाति।
आत्मानमेवात्मतया विजानतां तेनैव जातं निखिलं प्रपंचितम्।
ज्ञानेन भूयोऽपि च तत्प्रलीयते रज्ज्वामहेर्भोगभवाभवौ यथा॥

परीक्षित को अन्तिम उपदेश देते हुए भगवान् शुक ने कहा है कि अपने आपको परब्रह्म का स्वरूप समझते हुए तक्षक (साँप) को डसते हुए भी निश्चिन्त रह सकोगे, क्योंकि अद्वैत के इस ज्ञान से तुम में, परमात्मा में शरीर में और विश्व में कोई नहीं रहेगा। यह अद्वैत सिद्धान्त की एक अंतिम सीढ़ी है, जिसके आश्रय ने परीक्षित को महान बल दिया था—

अहं ब्रह्म परं धाम ब्रह्माहं परमं पदम्।
एवं समीक्षन्नात्मानमात्मन्याधाय निष्कले।
दशन्तं तक्षकं पादे लेलिहानं विषाननैः।
न द्रक्ष्यसि शरीरं च विश्वं च पृथगात्मनः॥

आगमों में भी बहुत ही सुन्दर रूप से अद्वैत के सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया गया है। शैव आगम में कहा गया है कि संसार समुद्र में डूबे हुए शरणार्थी प्राणियों के लिए आत्मज्ञान से अतिरिक्त दूसरा कोई शरण देनेवाला नहीं है। जिस प्रकार पानी-पानी में, दूध-दूध में और घी घी में अभिन्न होकर समा जाता है, उसी प्रकार आत्मा

भी परमात्मा में समा जाता है। इन दोनों पद्यों में आत्म ज्ञान और आत्मा परमात्मा की एकता का निश्चय हो जाता है—

संसारार्णवमग्नानां भूतानां शरणार्थिनाम्।
नान्यः शरणदः कश्चिदात्मज्ञानादृते क्वचित्॥

यथा जलं जले क्षिप्तं क्षीरे क्षीरं घृतं घृतम्।
अविशेषं भवेत्तद्वदात्मापि परमात्मनि॥

कुलचूडामणितंत्र

शक्ति आगमों में भी ये तथ्य इन्हीं रूपों में प्रस्तुत किए गये हैं। देवी शिव से कहती है कि सारा संसार शिव शक्तिमय है। देवेश आप ही सब कुछ हैं और आपके और शक्ति के योग से ही सृष्टि की कल्पना होती है—

तदा त्वमेव सर्वत्र सर्वत्राहं महेश्वर।
सर्वं त्वमेव देवेश सर्वत्राहं सनातन॥

शिवशक्तिसमायोगात् जायते सृष्टिकल्पना।

महानिर्वाण तंत्र में मुक्ति के उपायों को प्रदर्शित करते हुए कहा गया है कि सारा संसार माया से कल्पित है, केवल एक परब्रह्म ही सत्य है जो उसको जानता है वही बन्धन से मुक्त हो सकता है।

ब्रह्मादितृणपर्यन्तं मायया कल्पितं जगत्।
सत्यमेकं परं ब्रह्म विदित्वैव सुखी भवेत्॥

विहाय नामरूपाणि नित्ये ब्रह्मणि निश्चले।
परिनिश्चिततत्त्वो यः स मुक्तः कर्मबन्धनात्।

न केवल आगम और तन्त्र ग्रन्थों में ही अपितु द्रविड व अन्य विभिन्न भाषाओं के ग्रन्थो में भी अद्वैत को ही महान आश्रय के रूप में स्वीकार किया गया है। यदि हम यह भी कहें तो कोई अत्युक्ति नहीं होगी कि सारे शास्त्रों ने अपनी आधार भूमि के रूप में अद्वैत के सिद्धान्तों को शिरोधार्य किया है। इसके लिए जितना प्रतिपादन किया जाय, वह थोड़ा है।

प्रस्तुत ग्रंथ कोष का संकलन इसी महत्त्व से अनुप्राणित होकर किया गया है। आज भी अद्वैत और उसके सिद्धान्त संसार के लाखों लोगों के लिए शान्ति और संतोष के आधार है। यदि इनका अधिक-से-अधिक प्रचार किया जाय तो हम संसार का बड़ा उपकार कर सकते हैं। विशेषकर बीसवीं शताब्दी के इस संक्रमण काल में जब

कि चारों ओर अशांति का साम्राज्य है ऐसे सिद्धान्तों का प्रचार और भी अधिक आवश्यक है। प्रस्तुत ग्रन्थ कोष केवल इस दिशा में एक छोटा-सा प्रयत्न है। यह उन जिज्ञासुओं के लिए मार्गदर्शक होगा जो इस समुद्र में मंथन करना चाहते हैं।

वास्तव में महान् उपकार के लिए सारा संसार भगवान् शंकराचार्य का ऋणी है। उनके मठ आज भी सारे देश में शांति और ज्ञान के रूप में ज्योति फैला रहे हैं। यह भारतवर्ष का गौरव है कि उसने यह एक अमूल्य चीज संसार को दी और भगवान् शंकराचार्य जैसे अवतार इस देश में हुए। आज भी संसार के सामने भारत का मस्तक ऊँचा है तो उसका सबसे बड़ा कारण अद्वैत है। जिस तत्त्व के आधार पर भारतवर्ष को विश्व का गुरु कहलाने का गौरव मिला था, वह तत्त्व यही है। यह हमारा फिर भी सौभाग्य है कि जगद्गुरु श्री कांची-काम-कोटि श्रीशंकराचार्यजी महाराज आज भी इस देश के उस प्राचीन गौरव की रक्षा कर रहे हैं और अद्वैत के इस महत्त्व को संसार के सामने रख रहे हैं। यह ग्रन्थ कोष भी उन्हीं का एक आशीर्वाद है, जिसका प्रकाशन उनके आदेश से देववाणी परिषद्, कलकत्ता, ने किया है। परिषद् जगद्गुरु महाराज के इस अनुग्रह से अत्यंत कृतज्ञ है और आशा करती है कि उनके आशीर्वाद से इस क्षेत्र में और भी अधिक काम करके संसार के इस अशांत वातावरण में लोगों को वह शांति प्रदान करेगी।

कलकत्ता विश्वविद्यालय, कलकत्ता। —पट्टाभिराम शास्त्री

१५ जून, १९५८ ई०

Printed by Bharati Vijayam Press, Madras-5, for Sri V. T. Rajan,
(Prop. Rajan & Co.)

महनीय महात्मानः,

भवतां पुरतः अद्वैतग्रन्थकोशसंग्रहः कश्चित् उपाह्रियते । तदङ्गीकारेण कृतार्थयितव्यः अयं जनः । एतन्निबन्ध संकलयितैव श्री भगवत्पादस्थानान्यधिकृत्य विषयसंग्रहे कश्चित् लघुयत्नः कृतः यद्विषयिणी पट्टिका अनेन सह प्रेषिता । एतद्विषये भवद्भिः यथासंभवं साहाय्यं कर्तव्यमिति प्रार्थ्यते । तत्र अधिकविषयदानेनवा, निबन्धे संभावितानां दोषाणां प्रदर्शनेन वा, निबन्धशैली शोधनेन वा, संभवता प्रकारान्तरेण वा, भवदाशयदानेन उपकर्तव्यः अयं जनः । यदि भवन्तः एतादृशोपकारविषये अनुमन्यन्ते तदा संगृह्यमाणा विषयाः क्रमशः प्रेषयिष्यन्ते । अद्वैतग्रन्थकोशविषये श्री भगवत्पाद परंपरास्थान विषये च भवदाशयगर्भित प्रत्युत्तरपत्र द्वारा अनुगृहीतव्यः ।

इति नारायणस्मृतिः

इति अष्टोत्तरशतोपनिषद्व्याख्यातृ उपनिषद्ब्रह्मेन्द्रमठाध्यक्ष
श्रीमदिष्टसिद्धीन्द्र छात्रः ।

कर्मन्दी ।

Sire,

A copy of a small work, Adwaitha Granthakosasangraha, is being placed before you. The compiler of the brochure has also made a humble attempt at collecting information as regards the Paramparasthanas of Sri Sankara Bhagavatpada. A list of available names of such institutions is also sent herewith. He requests your co-operation by helping him either by way of collecting further information or offering criticisms or giving suggestions on the subject. On the receipt of your reply, further information collected will be forwarded to you.

Hoping to be excused for the trouble given,

NARAYANA SMRITHIH

A Karamandi C/o Sri Ishtasiddhindra,
Upanishad Brahmendra Mutt,
60, Putheri Street, Kancheepuram,
MADRAS (STATE.)